नई दिल्ली, गुरुवार
29 फरवरी, 2024
राजधानी
मूल्य ₹ 5.00
पृष्ठ 20+4=24

# दैनिक जागरण



www.jagran.com
दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और प. बंगाल से प्रकाशित

6.9 प्रतिशत रह सकती है आर्थिक विकास दर 14
केंद्र की योजनाओं पर अपना स्टिकर चिपकाना द्रमुक की फितरत: मोदी 17

## डाक्टर को आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में आप विधायक प्रकाश जारवाल दोषी करार

**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली :** दक्षिणी दिल्ली के एक डाक्टर को आत्महत्या के लिए उकसाने और धमकी देने के मामले में अदालत ने आम आदमी पार्टी के विधायक प्रकाश जारवाल और दो सह-आरोपितों को दोषी करार दिया है। राउज एवेन्यू कोर्ट के विशेष न्यायाधीश एमके नागपाल की अदालत ने प्रकाश जारवाल और उसके सहयोगी कपिल नागर को डा. राजेंद्र सिंह को आत्महत्या के लिए उकसाने, जबरन वसूली, धमकी देने और आपराधिक साजिश रचने समेत विभिन्न मामलों में दोषी ठहराया। दोनों को अधिकतम 10 साल की कैद हो सकती है। वहीं, तीसरे आरोपित हरीश जारवाल को आपराधिक साजिश रचने की धारा में दोषी करार दिया है। सजा की अवधि पर सुनवाई 13 मार्च को होगी।

52 वर्षीय डा. राजेंद्र सिंह ने 18 अप्रैल, 2020 को दुर्गा विहार में आत्महत्या कर ली थी। सुसाइड नोट में उन्होंने देवली के विधायक प्रकाश जारवाल पर आत्महत्या के लिए मजबूर करने का आरोप लगाया था। डा. राजेंद्र वर्ष 2007 से दिल्ली जल बोर्ड से जुड़े थे और टैंकरों के माध्यम से पानी की आपूर्ति का व्यवसाय भी करते थे। डा. राजेंद्र के बेटे हेमंत की शिकायत पर पुलिस ने जारवाल और अन्य के खिलाफ जबरन वसूली और आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया था। प्राथमिकी में कहा गया है कि डा. सिंह को जारवाल और उसके लोगों ने धमकी दी थी। पुलिस ने कहा कि जांच में पता चला कि विधायक और उसके सहयोगी डा. राजेंद्र सिंह समेत अन्य पानी टैंकर मालिकों से पैसे वसूल रहे थे। वसूला गया पैसा विधायक के भाई अनिल जारवाल के माध्यम से दिल्ली, गुरुग्राम और जयपुर में कई संपत्तियों और फार्म हाउसों में निवेश किया गया था। कपिल नागर टैंकर मालिकों का एक वाट्सएप ग्रुप चलाता था, जिसमें जारवाल भी शामिल था। 11 नवंबर 2021 को अदालत ने प्रकाश जारवाल, कपिल व हरीश के खिलाफ आइपीसी की विभिन्न धाराओं में आरोप तय किए थे। पुलिस ने विधायक को नौ मई, 2021 को गिरफ्तार किया था। लगभग डेढ़ महीने बाद हाई कोर्ट से उसे जमानत मिली थी। बुधवार को फैसले में कहा गया कि डा. राजेंद्र सिंह या अन्य टैंकर मालिकों की ओर से वसूली की रकम के भुगतान का कोई सुबूत नहीं दिखाने के बाद भी अभियोजन ने अपराध को साबित कर दिया है। अदालत ने माना कि हरीश ने एक गवाह को भी अपने बयान को वापस लेने के लिए धमकाया था। अदालत ने आरोपित व्यक्तियों और अभियोजन पक्ष को हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया है।

संबंधित » पेज 8



प्रकाश जारवाल • सौ.: इंटरनेट मीडिया

- जबरन वसूली और धमकियों से तंग आकर राजेंद्र सिंह ने वर्ष 2020 में कर ली थी आत्महत्या
- विधायक जारवाल के साथ सह-आरोपित नागर व हरीश को भी कोर्ट ने ठहराया दोषी

### जिन धाराओं में दोषी, उनमें इतनी सजा का है प्रविधान

- आइपीसी की धारा 306 (आत्महत्या के लिए उकसाना)- अधिकतम 10 वर्ष के कारावास
- आइपीसी की धारा 506 (धमकी देने)- अधिकतम सात वर्ष कारावास
- आइपीसी की धारा 120बी (आपराधिक साजिश)- दो साल तक कारावास

# बच गई सुक्खू सरकार, पर संकट बरकरार

### हिमाचल प्रदेश में राज्यसभा चुनाव के दौरान क्रास वोटिंग के बाद शुरू हुआ राजनीतिक खेल और हुआ तेज

**जागरण संवाददाता, शिमला :** हिमाचल प्रदेश में राज्यसभा चुनाव के दौरान क्रास वोटिंग के बाद शुरू हुआ राजनीतिक खेल और तेज हो गया है। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर भाजपा विधायकों के साथ बुधवार सुबह साढ़े सात बजे राजभवन पहुंचे और राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल को बताया कि सरकार अल्पमत में है। जिस तरह कांग्रेस के विधायकों ने क्रास वोटिंग की, माना जा रहा था कि बुधवार को बजट पारित नहीं होगा व सरकार गिर जाएगी, लेकिन विपक्ष की अनुपस्थिति में बजट ध्वनिमत से पारित हो गया और सदन की कार्यवाही एक दिन पहले ही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई। सुखविंदर सिंह सुक्खू सरकार भले ही बच गई हो, लेकिन संकट बरकरार है, क्योंकि विपक्ष अविश्वास प्रस्ताव लाने की बात कह चुका है। बता दें कि रास चुनाव में कांग्रेस के छह व तीन निर्दलीय विधायक भाजपा के पक्ष में थे।

कांग्रेस हाईकमान ने सरकार बचाने के लिए पार्टी के वरिष्ठ नेताओं हरियाणा के पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा और कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री डीके शिव कुमार को पर्यवेक्षक बनाया, जो बुधवार दोपहर शिमला पहुंचे। पार्टी मामलों के प्रदेश प्रभारी राजीव शुक्ल व छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम भूपेश बघेल पहले से शिमला में थे। सूत्रों की मानें तो केंद्रीय पर्यवेक्षकों ने कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष प्रतिभा सिंह, मंत्रियों, मुख्य संसदीय सचिवों व विधायकों से बात कर पूछा है कि क्या नाराजगी है। अगर नेतृत्व परिवर्तन करना पड़े तो अगली पसंद कौन होगा। क्रास वोटिंग करने वाले अपने विधायकों से भी चर्चा की। माना जा रहा है कि नाराज विधायक मुख्यमंत्री को बदलने की बात कर रहे हैं।

संबंधित खबरें » पेज 16
हिमाचल में पीडब्ल्यूडी मंत्री ने दिया त्यागपत्र » पेज 16 व संपादकीय

- भाजपा विधायकों ने राज्यपाल से मुलाकात कर कहा-सरकार अल्पमत में
- कांग्रेस पर्यवेक्षक हुड्डा व शिवकुमार सरकार बचाने की रणनीति बनाने में जुटे
- पार्टी नेताओं से पूछा-सरकार बचाने को नेतृत्व परिवर्तन करना पड़े तो अगली पसंद कौन




शिमला में बैठक के दौरान सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू, कांग्रेस नेता भूपेश बघेल, कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार, कांग्रेस नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा व राजीव शुक्ला • प्रेट्र

> विक्रमादित्य सिंह मेरे छोटे भाई हैं, उन्हें मना लेंगे। कई बार गुस्से व नाराजगी में काफी चीजें बोल दी जाती हैं।
>
> **सुखविंदर सिंह सुक्खू**, सीएम

**6** कांग्रेस विधायकों ने राज्यसभा चुनाव में की थी क्रास वोटिंग

**68** सदस्यीय विस में कांग्रेस-भाजपा के प्रत्याशियों को 34-34 वोट



> मोदी की यह गारंटी है कि सभी राज्यों में कांग्रेस सरकार को हिलाओ व गिराओ। कांग्रेस इसे पूरा नहीं होने देगी। कुछ कठोर निर्णय लेने पड़ेंगे तो पार्टी हाईकमान उससे पीछे नहीं हटेगा।
>
> **-जयराम रमेश**, कांग्रेस महासचिव (संचार)



> भाजपा धनबल, एजेंसियों की ताकत और केंद्र की सत्ता का दुरुपयोग कर हिमाचलवासियों के अधिकार को कुचलना चाहती है। उसका यह रवैया अनैतिक व असंवैधानिक है।
>
> **प्रियंका गांधी वाड्रा**, कांग्रेस महासचिव

### अब खरगे लेंगे अंतिम निर्णय


चर्चा के बाद पर्यवेक्षकों ने रिपोर्ट तैयार कर मंत्रियों व विधायकों की राय के बारे में फोन से हाईकमान को अवगत कराया। अब गुरुवार को ये नेता दिल्ली में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, महासचिव केसी वेणुगोपाल को रिपोर्ट सौंपेंगे। हिमाचल में मुख्यमंत्री का चेहरा बदलना है या सुखविंदर सिंह को इस पद पर रहने देना है, इसका निर्णय खरगे लेंगे। हमारे राष्ट्रीय ब्यूरो के मुताबिक, खरगे ने पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा से बात की है। प्रियंका के भी कुछ विधायकों से बातचीत किए जाने की चर्चा है। कांग्रेस ने सरकार बचाने के लिए कुछ कड़े कदम से लेकर सभी विकल्प खुले रखने की बात कही है।



**विशेष परिस्थितियों में बुलाया जा सकता है सत्र :** सामान्य तौर पर सत्र का आयोजन छह माह के भीतर करना अनिवार्य है। विशेष परिस्थितियों को देखते हुए विशेष सत्र कभी भी बुलाया जा सकता है। राज्यपाल प्रमाण को आधार बनाकर नियमों का हवाला देकर विधानसभा अध्यक्ष को विशेष सत्र आयोजित करने के लिए निर्देशित कर सकते हैं।

## संपादकीय

**एमएसपी से लाभ कम, हानि अधिक :** यदि सच में किसानों की मदद करनी है तो एमएसपी और रियायती बिजली, पानी, खाद की जगह नकद आर्थिक सब्सिडी पर विचार करना होगा। **शिवकांत शर्मा** का दृष्टिकोण।



**पेपर लीक न होने की भी गारंटी मिले:** राज्यों में भले ही सरकारें अलग-अलग दलों की हों, मगर उनमें पेपर लीक का मामला एक जैसा ही है। **डा. ब्रजेश कुमार तिवारी** का आलेख। • पेज 12

## अंदर पढ़ें

### ... सभी 27 लाख उपभोक्ताओं का बिल माफ करें : एलजी

**नई दिल्ली :** वन टाइम सेटलमेंट योजना रोकने का आरोप लगाए जाने पर एलजी ने दिल्ली सरकार पर पलटवार किया है। एलजी ने सीएम को भेजे पत्र में लिखा कि दिल्ली में 27 लाख जल उपभोक्ता कनेक्शन हैं, जिनमें 10 लाख ने बिल का भुगतान नहीं किया है और आपका लक्ष्य उन्हें लाभ पहुंचाना है। यदि 10 लाख उपभोक्ताओं के बिल, जुर्माना माफ करने पर विचार किया जा रहा है, तो जिन शेष 17 लाख उपभोक्ताओं ने भुगतान किया है, उन्हें ब्याज सहित राशि लौटाई जानी चाहिए। • पेज 4

### मई-जून 2029 में हो सकते हैं एक साथ चुनाव

**नई दिल्ली :** सब कुछ सही रहा तो मई-जून, 2029 में 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' की योजना अमल में आ सकती है। सूत्रों के अनुसार, विधि आयोग संविधान में 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' पर एक नया अध्याय जोड़ने और 2029 के मध्य तक देशभर में लोकसभा, राज्य विधानसभाओं और स्थानीय निकायों के चुनाव एक साथ कराने की लोकतांत्रिक प्रक्रिया की सिफारिश कर सकता है। • पेज 16

### ख्वाजा की दरगाह के स्थान पर हिंदू मंदिर होने का दावा

**जयपुर :** वाराणसी के ज्ञानवापी परिसर के बाद अब राजस्थान के अजमेर में स्थित ख्वाजा की दरगाह के पूर्व में मंदिर होने का दावा किया गया है। इसके लिए एएसआइ से सर्वे करवाने की मांग की गई है। महाराणा प्रताप सेना व हिंदू शक्ति दल संगठन ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को पत्र लिखा है। • पेज 20










********

# बुलंदियों पर बुंदेलखंड



बुंदेलखंड विकास की एक नई कहानी कह रहा है। डबल इंजन की भाजपा सरकार द्वारा निर्मित सुदृढ़ इंफ्रास्ट्रक्चर, बुंदेलखंड क्षेत्र को विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचा रहा है। बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे पूरे बुंदेलखंड की लाइफ लाइन बन चुका है।

–योगी आदित्यनाथ,
मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश

एक समय वह था, जब बुंदेलखंड का नाम जेहन में आते ही एक ऐसे पिछड़े क्षेत्र की तस्वीर उभरती थी, जहां हर तरह के संसाधनों का अभाव था। यहां उद्योग लगाने के बारे में कोई सोचता तक नहीं था। आज बुंदेलखंड बुलंदियों पर है तो सिर्फ इसलिए कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की डबल इंजन सरकार ने यहां मिशन मोड पर कार्य किया। पेयजल की उपलब्धता के लिए जल जीवन मिशन, हर घर नल योजना के साथ ही बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पूरे क्षेत्र की नई पहचान है। जहां झांसी पर इंडस्ट्रियल योगी सरकार ने में नोएडा की तर्ज सिटी बसाने के लिए बुंदेलखंड इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथारिटी (बीडा) की स्थापना की, तो ललितपुर में बल्क ड्रग पार्क के निर्माण को भी हरी झंडी मिली। पर्यटन, रोजगार, संस्कृति और विकास की इबारत लिखने के लिए बुंदेलखंड तैयार है। एक्सप्रेसवे ने बुंदेलखंड को राजधानी दिल्ली से जोड़ा है और अब उद्योगपतियों को भी यहां आने में हिचक नहीं है।



हम बुंदेलखंड से पलायन को रोकने के लिए, इस क्षेत्र को रोजगार में आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे और यूपी डिफेंस कॉरिडोर भी इसका एक बहुत बड़ा प्रमाण है। आने वाले समय में यहां सैकड़ों उद्योग लगेंगे।

–नरेन्द्र मोदी,
प्रधानमंत्री

**झांसी में इंडस्ट्रियल सिटी बसाने की योजना :** उत्तर प्रदेश सरकार ने वर्ष 2023 में झांसी शहर के निकट 33 गांवों में विस्तारित बुंदेलखंड इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथारिटी के गठन को मंजूरी दी। इतना ही नहीं, सीईओ के पद पर नियुक्ति करने के साथ ही झांसी जिले में कार्यालय खोलने का निर्णय लिया है। जमीन अधिग्रहण का रोडमैप तैयार किया जा रहा है। देश के कई बड़े औद्योगिक समूहों ने उत्तर प्रदेश सरकार से बीडा में जमीन आवंटन के लिए अपना प्रस्ताव दिया है। यूपी सरकार का यह कदम इस क्षेत्र में उद्योग और रोजगार के लिहाज से बड़ा परिवर्तनकारी निर्णय माना जा रहा है। योगी सरकार की योजना नोएडा की तर्ज पर यहां इंडस्ट्रियल सिटी बसाने की है, जो बुंदेलखंड के लिए एक नई संजीवनी का काम करेगा।

**बीडीएल के कारखाने का निर्माण :** डिफेंस कारिडोर भी झांसी के लिए बड़ी उपलब्धि साबित हो रहा है। डिफेंस कारिडोर के झांसी नोड में भारत डायनामिक्स लिमिटेड (बीडीएल) की इकाई की स्थापना के लिए, वर्ष 2021 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आधारशिला रखी थी। वर्ष 2023 में इसकी यूनिट के निर्माण के लिए, भूमि पूजन के साथ ही स्थापना का काम शुरू कर दिया गया। सरकार झांसी के गरौठा में बन रहे डिफेंस कारिडोर के क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं को बेहतर करने में जुटी है। इस क्षेत्र में कई अन्य इकाइयों की स्थापना के लिए, यूपी सरकार के सामने प्रस्ताव आए हैं। बड़ी-बड़ी डिफेंस कम्पनी यहां जब अपनी यूनिट स्थापित करेंगी, तो रोजगार के इतने साधन उपलब्ध होंगे कि युवाओं को नौकरी के लिए, बुंदेलखंड से बाहर जाने की जरूरत नहीं रह जाएगी।

**ललितपुर में बल्क ड्रग पार्क के लिए सर्वे शुरू :** ललितपुर जिले के पांच गांवों में 1472 एकड़ क्षेत्रफल पर बल्क ड्रग पार्क के निर्माण के लिए प्रक्रिया शुरू हो गई है। मास्टर प्लान और प्रोजेक्ट रिपोर्ट की तैयारी के लिए, यूपीसीडा ने काम शुरू कर दिया है। पहले चरण में 300 एकड़ क्षेत्रफल में आधारभूत संरचनाओं को विकसित करने के लिहाज से डीपीआर तैयार की जानी है। यूपी सरकार ललितपुर जिले को जेनरिक दवाओं के हब के रूप में विकसित करने की योजना पर भी काम कर रही है। इस पार्क को विकसित करने के लिए यूपी सरकार कई प्रतिष्ठित रिसर्च संस्थानों को नालेज पार्टनर बना रही है।

**समग्र विकास पर फोकस :** योगी सरकार बुंदेलखंड क्षेत्र के समग्र विकास को केंद्रित करते हुए योजनाओं के क्रियान्वयन पर जोर दे रही है। सभी जिलों में बड़ी गौशालाओं का निर्माण, परिषदीय विद्यालयों में स्मार्ट सिटी और माइनिंग फंड के माध्यम से सुविधाओं का विकास, अस्पतालों में आधारभूत सुविधाओं की बढ़ोतरी, कृषि से संबंधित योजनाओं में कृषकों को सहायता, असहाय और कमजोर वर्गों के लोगों को आर्थिक सहायता सहित अन्य जन कल्याणकारी योजनाओं को लागू करने और उनकी नियमित निगरानी पर सरकार ध्यान केंद्रित कर रही है। शासन के मंत्रियों और शीर्ष अफसरों के साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी निरंतर इस क्षेत्र का दौरा कर योजनाओं की जमीनी हकीकत का जायजा ले रहे हैं।

## स्मार्ट सिटी की परियोजनाओं पर काम पूरे

झांसी में स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के अंतर्गत कई महत्वपूर्ण काम इस वर्ष पूर्ण किए गए। दिवंगत सीडीएस जनरल बिपिन रावत की स्मृति में झांसी किले की तलहटी में स्मार्ट सिटी के अंतर्गत बने पार्क का लोकार्पण भी इसी वर्ष किया गया। राजकीय पुस्तकालय के उच्चीकरण का काम पूरा हुआ। इसका मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोकार्पण किया। इसके साथ ही हाकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की स्मृति में बने ध्यानचंद म्यूजियम का भी काम इसी वर्ष पूरा हुआ।



## पर्यटन क्षेत्र में एडाप्ट ए हेरिटेज पर काम शुरू

बुंदेलखंड के ऐतिहासिक स्थलों को एडाप्ट ए हेरिटेज योजना के तहत विकसित करने के लिए सरकार ने कई स्थलों के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किए हैं। देश के कई प्रतिष्ठित होटल समूहों ने इन स्थानों में अपनी दिलचस्पी दिखाई है। उम्मीद है कि बहुत जल्द इन स्थानों की तस्वीर बदलती दिखाई देगी। एडाप्ट ए हेरिटेज योजना के माध्यम से झांसी के बरुआ सागर किला, राम जानकी मंदिर-गरौठा, पठामढ़ी का मंदिर-गरौठा और बंजारी का मंदिर एवं बेर के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किए गए हैं। इनके अलावा बुंदेलखंड की राक कट गुफाएं देवगढ़, ललितपुर, सुमेरगढ़ का प्राचीन मंदिर-ललितपुर, सोमनाथ मंदिर-मानिकपुर, चित्रकूट, खाकरा मठ-चरखारी, महोबा, रणछोर मंदिर-



धोजरी, ललितपुर, प्राचीन बैठक-तालबेहट, ललितपुर, चन्देली मंदिर-करियारी, हमीरपुर, शांतिनाथ मंदिर-भरवारा, महोबा, शिव मंदिर-उल्दना कला, ललितपुर, दशरथ घाटी-चित्रकूट और खडेह के मंदिर-मौदहा, हमीरपुर के लिए भी प्रस्ताव मंगाए गए हैं।

## जल जीवन मिशन पर काम अंतिम चरण में

बुंदेलखंड के सभी सातों जिलों में जल जीवन मिशन के अंतर्गत नल से जल पहुंचाने का काम लगभग अंतिम चरण में है। महोबा में 98 प्रतिशत, झांसी में 97 प्रतिशत, चित्रकूट में 93 प्रतिशत, बांदा में 96 प्रतिशत, ललितपुर में 98 प्रतिशत, जालौन में 89 प्रतिशत और हमीरपुर में 89 प्रतिशत तक कार्य पूर्ण हो चुका है। इसके अलावा नगरीय क्षेत्रों में भी स्वच्छ पेयजल पहुंचाने के लिए कई बड़ी योजनाओं पर तेज गति से काम हुआ है। जल जीवन मिशन के अंतर्गत जिन स्थानों पर पानी उपलब्ध हो गया है, वहां पर जन-जीवन में सुखद परिवर्तन साफ तौर पर दिखाई दे रहा है।



# कभी पिछड़ा था, अब बन रहा बिजनेस हब

योगी सरकार पूरा फोकस बुंदेलखंड पर है, यह बात इस बार के राज्य के बजट से साबित भी हो गई है। किसान, पर्यटन और औद्योगिक विकास सहित सबके लिए कुछ न कुछ व्यवस्था की गई है। कनेक्टिविटी के रूप में बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे बन ही चुका है। अब यहां नोएडा की तर्ज पर टाउनशिप विकसित की जा रही है। कभी पिछड़ा माना जाने वाला यह क्षेत्र औद्योगिक विकास प्राधिकरण से बिजनेस हब बनेगा।

बजट में बुंदेलखंड विकास निधि के लिए 425 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। यहां के लिए नए औद्योगिक विकास प्राधिकरण का गठन किया ही जा चुका है। अब नोएडा और ग्रेटर नोएडा की तरह औद्योगिक और आवासीय टाउनशिप भी विकसित की जाएगी। इस पर काम शुरू भी हो चुका है। बजट आवंटित होने से इसमें और रफ्तार आएगी। चित्रकूट में डिफेंस कारिडोर पहले से ही बन रहा है। देवांगना घाटी में हवाई अड्डा बनकर तैयार है और जल्द ही यहां से उड़ानें शुरू करने की भी तैयारी है। बुंदेलखंड सौर ऊर्जा का भी हब बनेगा। यहां 4000



- ग्रीन एनर्जी कारिडोर-2 परियोजना के तहत बुंदेलखंड क्षेत्र में चार हजार मेगावाट क्षमता वाले सोलर पार्क के विकास का लक्ष्य है।
- बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण के तहत झांसी-कानपुर के बीच औद्योगिक टाउनशिप।

मेगावाट के सोलर पार्क पर काम चल रहा है। जालौन में पीएसी बटालियन की स्थापना का भी रास्ता साफ हो गया है।

पानी की कमी से जूझने वाले इस क्षेत्र के डार्क जोन घोषित क्षेत्रों में ट्यूबवेल लगाने से रोक हटा दी गई है। अब किसान बिना बाधा के सिंचाई के लिए ट्यूबवेल लगा सकेंगे। रबी की फसल की सिंचाई के लिए ट्यूबवेल लगाने को अस्थायी कनेक्शन लिये जा सकेंगे। यहां के लिए सीजनल टैरिफ की भी व्यवस्था की गई है। 60 वर्ष से ज्यादा आयु वाले लघु और सीमांत किसानों को पेंशन का सबसे ज्यादा फायदा बुंदेलखंड के जिलों के किसानों का होगा। कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालयों तथा महाविद्यालयों में नए कामों के लिए 100 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। इससे कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, बांदा में भी नए काम हो सकेंगे।

अयोध्या में रामलला का भव्य मंदिर बनने के बाद अब प्रभु श्रीराम की तपोभूमि चित्रकूट की ओर नजर है। वर्ष 2022 में श्री चित्रकूट धाम तीर्थ विकास परिषद बनने के बाद से यहां करीब 102 करोड़ रुपये की पर्यटन विकास योजनाओं पर काम चल रहा है। महर्षि वाल्मीकि सांस्कृतिक केंद्र में काम चल रहा है और इसके लिए 10.53 करोड़ रुपये की व्यवस्था है। बुंदेलखंड के पुराने किलों को पर्यटन स्थल बनाने की योजना है। सरकार ने हर विधानसभा क्षेत्र में एक पर्यटन स्थल विकसित करने की योजना बनाई है। इसी क्रम में बुंदेलखंड की धरोहरों का विकास भी किया जाए।

## बुंदुलेखंड की बुलंद तस्वीर

- चित्रकूट से इटावा तक 296 किलोमीटर लंबे बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे का निर्माण।
- बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे को सोलर एक्सप्रेसवे के रूप में विकसित किया जा रहा है।
- झांसी लिंक एक्सप्रेसवे एवं चित्रकूट लिंक एक्सप्रेसवे का निर्माण कार्य प्रगति पर है।
- 550 करोड़ रुपये बुंदेलखंड में डिफेंस कारिडोर के लिए स्वीकृत।
- झांसी और चित्रकूट में एयरपोर्ट को मंजूरी।
- जालौन में 350 करोड़ से 79 एकड़ में पुलिस ट्रेनिंग सेंटर का निर्माण।
- 68.83 करोड़ रुपये प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए स्वीकृत।
- श्री चित्रकूट धाम तीर्थ विकास परिषद का गठन।
- चित्रकूट के रानीपुर में उत्तर प्रदेश के चौथे टाइगर रिजर्व की स्थापना।
- चित्रकूट में श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों के लिए रोपवे की सुविधा।
- 1400 करोड़ रुपये की लागत से झांसी से खजुराहो तक चार लेन हाईवे का निर्माण प्रगति पर।



# 500 एकड़ में फैला है साउथ एशिया का सबसे बड़ा एम्युनेशन एंड मिसाइल काम्प्लेक्स



- 1500 करोड़ रुपये की लागत से शुरू हुआ मैन्यूफैक्चरिंग काम्प्लेक्स

### 4 हजार लोगों को मिलेगा सीधे रोजगार

मात्र 15 महीने में 5 हजार एकड़ में बनकर तैयार अदाणी समूह का यह उत्पादन काम्प्लेक्स दक्षिण एशिया का सबसे बड़ा एम्युनेशन मैन्युफैक्चरिंग काम्प्लेक्स है। इसकी क्षमता प्रतिवर्ष 150 मिलियन राउंड एम्युनेशन उत्पादन की है। यहां रायफल, लाइट मशीन गन (एलएमजी), एके-47 और कार्बाइन की गोलियां बनेंगी। इसके बाद अगले चरण में आर्टिलरी गन, गोला-बारूद, तोपें और हैंड ग्रेनेड समेत सेना के जवानों के लिए अलग-अलग तरह के अस्त्र-शस्त्र व सुविधाओं संबंधित उत्पाद निर्मित किए जाएंगे। 1500 करोड़ रुपये से शुरू हुआ यह प्रोजेक्ट अगले पांच साल में 3 हजार करोड़ रुपये का विस्तार प्राप्त करेगा। इससे चार हजार लोगों को जहां सीधे रोजगार प्राप्त होगा, वहीं इससे पांच गुना ज्यादा अप्रत्यक्ष रोजगार भी यह काम्प्लेक्स सृजित करेगा। साथ ही साथ यह काम्प्लेक्स अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए सोलर पॉवर और वेस्ट मैनेजमेंट टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करेगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कानपुर में साढ़ स्थित डिफेंस कारिडोर में अदाणी समूह के एम्युनेशन मैन्युफैक्चरिंग काम्प्लेक्स का उद्घाटन कर दिया है। वर्ष 2018 में जब उत्तर प्रदेश में पहला इन्वेस्टर्स समिट आयोजित किया गया था, तब प्रधानमंत्री ने यूपी में छह नोड्स की घोषणा की थी। इसमें अलीगढ़, आगरा, कानपुर, लखनऊ, झांसी और चित्रकूट शामिल हैं, जिसमें कानपुर नोड में अदाणी डिफेंस सिस्टम एंड टेक्नोलाजीस लिमिटेड ने अपना कार्य प्रारंभ किया है।

यूपी में डिफेंस मैन्यूफैक्चरिंग के लिए, पांच हजार हेक्टेयर के बड़े कारिडोर को आगे बढ़ाने के लिए, कार्य किया गया है। अब तक पांच हजार एकड़ लैंड को प्राप्त कर लिया गया है। इसमें लखनऊ में जहां ब्रह्मोस, झांसी में भारत डायनमिक्स लिमिटेड, आर्म वीकल निगम लिमिटेड और टाटा टेक्नोलाजीस लिमिटेड, ग्लोबल इंजीनियरिंग लिमिटेड और डब्ल्यूबी इलेक्ट्रानिक्स इंडिया लिमिटेड का कार्य प्रारंभ हुआ है, वहीं अलीगढ़ नोड में एंकर रिसर्च लैब एलएलपी और कानपुर में अदाणी डिफेंस सिस्टम एंड टेक्नोलाजी लिमिटेड जैसी बड़ी-बड़ी कंपनियां काम कर रही हैं।

यूपी में डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग कारिडोर के लिए, आईआईटी कानपुर और आईआईटी बीएचयू को सेंटर फार एक्सिलेंस के तौर पर नामित किया गया है। इसके लिए, रक्षा मंत्रालय ने भी इन्फ्रास्ट्रक्चर विकसित करने में साझेदारी की है। यूपी के डिफेंस कारिडोर में डिफेंस एंड एयरोस्पेस सेक्टर में स्टार्टअप्स के सहयोग के लिए संपूर्ण वातावरण बनाने का कार्य हुआ है। इससे देश डिफेंस सेक्टर में आत्मनिर्भर बनने के साथ ही दुनिया की आवश्यकताओं की पूर्ति कर सकेगा। इस कार्य में यूपी के छह नोड्स मील का पत्थर साबित होंगे।

आज उत्तर प्रदेश, देश के डेवलपमेंट में ब्रेकर नहीं बल्कि ब्रेक थ्रू का काम कर रहा है। आज उत्तर प्रदेश विकास के नित नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। बीडा से इस पूरे क्षेत्र के युवाओं को सबसे स्किल्ड कार्यबल के रूप में तैयार किया जाएगा।

********

# बुंदेलखंड के विकास के लिए योगी सरकार ने कसी कमर

योगी सरकार बुंदेलखंड को विकास की मुख्य धारा में लाने के लिए सतत प्रयासरत है। सरकार ने बुंदेलखंड पैकेज के तहत विभिन्न विभागों की परियोजनाओं को पूर्ण करने के लिए 200 करोड़ रुपये से ज्यादा धनराशि प्रदान करने का अनुमोदन है। बुंदेलखंड पैकेज के तृतीय चरण में छह विभागों में से तीन विभागों के सभी कार्य पूर्ण हो चुके हैं। अवशेष कार्यों को पूर्ण कराए जाने के लिए 60.70 करोड़ रुपये तथा विभागों द्वारा इंगित बचतों को सम्मिलित करते हुए कुल 116.72 करोड़ रुपये की धनराशि सदुपयोग किए जाने के लिए उपलब्ध है। बुंदेलखंड पैकेज के कार्यों के लिए 225 करोड़ रुपये के बजट का प्रावधान किया गया है।

बुंदेलखंड पैकेज में दुग्ध विकास विभाग द्वारा बांदा में एक लाख लीटर प्रतिदिन क्षमता के डेरी प्लांट के लिए 103.16 करोड़ रुपये की स्वीकृत प्रदान की गई है। साथ ही महिला समृद्धिकरण ब्रायलर पालन योजना के अपूर्ण कार्यों के लिए 43.56 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। इसी तरह, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जल आपूर्ति द्वारा बुंदेलखंड में चेकडैम, तालाबों का आधुनिकीकरण एवं ब्लास्ट कूपों के निर्माण के लिए 17.14 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके अलावा कृषि विभाग द्वारा वाटर हार्वेस्टिंग चेक डैम एवं मल्टीपरपज फार्म पांड परियोजना के लिए 42.79 करोड़ रुपये का अनुमोदन प्रदान किया गया है।

### तृतीय चरण में 756 करोड़ रुपये खर्च

बुंदेलखंड पैकेज के तृतीय चरण के अंतर्गत 65 करोड़ रुपये के उद्यान विभाग के कार्य पूर्ण हो चुके हैं, वहीं कृषि विभाग के 25 करोड़ रुपये से अधिक के कार्य भी पूर्ण किये जा चुके हैं। 255 करोड़ रुपये से अधिक की सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग की परियोजनाओं को भी पूरा किया जा चुका है। पशुधन विभाग के 55 करोड़ रुपये से ज्यादा के दो कार्य पूरे किए जा चुके हैं तो 44 करोड़ रुपये की एक परियोजना को मंजूरी प्रदान की गई है। नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग से संबंधित तीन परियोजनाओं पर 247 करोड़ रुपये खर्च किए जा चुके हैं और महज 16.5 करोड़ रुपये की लागत से इन परियोजनाओं को पूर्ण किया जा रहा है। दुग्ध विकास से संबंधित परियोजनाओं पर 107 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। कुल मिलाकर तृतीय चरण में विभिन्न परियोजनाओं के लिए 917 करोड़ रुपये अनुमोदित किए गए, जिसमें से 756 करोड़ रुपये खर्च किए जा चुके हैं।

ADVERTORIAL

नई दिल्ली, गुरुवार
29 फरवरी, 2024
राजधानी
मूल्य ₹ 5.00
पृष्ठ 20+4=24

# दैनिक जागरण

www.jagran.com
दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और प. बंगाल से प्रकाशित



विधानसभा में गूंजा मार्शलों की सेवा समाप्ति का मुद्दा 5
शत-प्रतिशत मतदान केंद्रों की कराई जाए वीडियोग्राफी: अश्विनी वैष्णव 16




## जागरण विशेष

### समस्याओं के समाधान का माध्यम बना शार्ट वीडियो



**भागलपुर:** भागलपुर जिले के रन्नूचक मकंदपुर के ग्रामीण शार्ट वीडियो बनाकर गांव की समस्याएं हल करा रहे हैं। दिल्ली तक वे न केवल अपनी बात पहुंचाने में सफल रहे हैं बल्कि निराकरण कराकर जीवन सुगम बना रहे हैं। ● पेज 18

## अंदर पढ़ें

### प्ले स्कूल में मिला लापता सह-संचालिका का शव

**नई दिल्ली:** नरेला थाना क्षेत्र से पांच दिन से लापता भाजपा कार्यकर्ता एवं एक प्ले स्कूल की सह-संचालिका का शव बुधवार को उनके ही स्कूल के कार्यालय में मिला। सह-संचालिका के स्वजन ने स्कूल के साझेदार पर हत्या करने का आरोप लगाया, लेकिन उसने सोनीपत के हरसाना के पास ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। आशंका जताई जा रही है कि सह-संचालिक की हत्या करने के बाद साझेदार ने जान दी है। ● पेज 8

### कल-परसों हल्की वर्षा संभव, तेज हवा भी चलेगी

**नई दिल्ली:** राजधानी में बुधवार को मौसम काफी हद तक खुशनुमा रहा, लेकिन गुरुवार दोपहर के बाद मौसम फिर बदलेगा। एक व दो मार्च को दिल्ली में कई जगहों पर हल्की वर्षा हो सकती है। इस दौरान तेज हवा भी चलने की संभावना है। ● पेज 8

### 'कई राष्ट्राध्यक्ष भी मान रहे, 21वीं सदी भारत की होगी'

**सीतामढ़ी/दरभंगा:** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि पीएम नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार हर क्षेत्र में काम कर रही है। अब दुनिया भर के राष्ट्राध्यक्ष भी मान रहे हैं कि 21वीं सदी भारत की होने वाली है। रक्षा मंत्री सीतामढ़ी में संवाद और दरभंगा में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। ● पेज 15

### कर्नाटक विस परिसर में लगे पाक जिंदाबाद के नारे, हंगामा

**नई दिल्ली :** कर्नाटक में मंगलवार को कांग्रेस के सईद नासिर हुसैन के राज्यसभा का चुनाव जीतने के बाद उनके समर्थकों द्वारा विधानसभा परिसर में लगाए गए पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे को लेकर बुधवार को खूब हंगामा हुआ। भाजपा हमलावर हो गई। आरोपों के बाद बैकफुट पर आई कांग्रेस ने उचित जांच का भरोसा दिलाया। ● पेज 17

### कोर्ट ने कहा -शाहजहां को गिरफ्तार कर पूछताछ जरूरी

**कोलकाता:** कोलकाता के बैंकशाल कोर्ट की ईडी अदालत के न्यायाधीश ने कहा कि संदेशखाली कांड के मास्टरमाइंड शाहजहां शेख को गिरफ्तार कर पूछताछ जरूरी है। उन्होंने यह टिप्पणी तब की जब फरार टीएमसी नेता के वकील ने मुवक्किल की अग्रिम जमानत के लिए अर्जी दी। जज ने कहा कि तथ्यों से पता चलता है कि शाहजहां ने कभी भी कानून का सम्मान नहीं किया। ● पेज 20

**jagran.com** वेबसाइट पर पढ़ें

**एक साथ चुनाव**

लोकसभा के साथ इन राज्यों में एक साथ हो सकते हैं विधानसभा चुनाव, पढ़ें 2028 तक कैसा रहेगा इलेक्शन शेड्यूल

**दैनिक जागरण सप्तरंग**

तकनीक की दुनिया का



बोलबाला है झूठ का डीपफेक से हो सतर्कता

स्मार्टफोन शो में आकर्षित करती तकनीकें

● जागरण सिटी

# ड्रग्स की सबसे बड़ी खेप बरामद

## अरब सागर में 3,300 किलोग्राम से अधिक ड्रग्स जब्त, पांच विदेशी तस्कर गिरफ्तार

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली :** भारतीय सुरक्षा एजेंसियों ने अंतरराष्ट्रीय ड्रग्स रैकेट के खिलाफ कार्रवाई करते हुए देश में ड्रग्स की अब तक की सबसे बड़ी खेप बरामद की है। ईरान के चाबहार पोर्ट से चली नाव से पांच विदेशी तस्करों के साथ ही 3,300 किलोग्राम से अधिक ड्रग्स जब्त की गई है। इसे गुजरात की सीमा से 60 नोटिकल माइल्स की दूरी पर पकड़कर पोरबंदर लाया गया है। नौसेना, नेशनल नारकोटिक्स ब्यूरो (एनसीबी) और गुजरात पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में मिली सफलता पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बधाई दी है।



नौसेना और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) के संयुक्त अभियान में एक नौका से बरामद ड्रग्स और गिरफ्तार किए गए में पांच तस्कर ● एएनआइ

- नौसेना, एनसीबी और गुजरात पुलिस के संयुक्त आपरेशन से मिली सफलता
- गिरफ्तार पांच तस्करों के पास कोई पहचान पत्र नहीं, पाकिस्तानी या ईरानी होने की आशंका

> समुद्र में पकड़ी गई ड्रग्स की खेप प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नशा मुक्त भारत के निर्माण की दिशा में अहम कदम है।
> **- अमित शाह**, गृह मंत्री

एनसीबी के महानिदेशक एसएन प्रधान के अनुसार, एजेंसियां पिछले कुछ सप्ताह से ड्रग्स की बड़ी खेप के अरब सागर के रास्ते आने की खुफिया जानकारी पर काम रही थीं। इसी क्रम में नौसेना, एनसीबी और गुजरात पुलिस ने ड्रग्स से लदी नौका की पहचान कर उसे जब्त कर लिया। इसके लिए सेना की ओर से टोही विमानों की मदद ली गई। उसके कमांडो ने आपरेशन कर नौका पर मौजूद पांच लोगों को काबू में किया। नाव से ड्रग्स के अलावा एक थुराया और चार मोबाइल फोन बरामद किए गए। इसकी जांच की जा रही है।

एनसीबी के महानिदेशक ने कहा कि नाव से जिन पांच तस्करों को गिरफ्तार किया गया है, उनके पास से कोई पहचान पत्र नहीं मिला है। उनसे पूछताछ की जा रही है। माना जा रहा है कि वे पाकिस्तान या ईरान के हो सकते हैं। ड्रग्स जिन पैकेट में रखे गए थे, उन पर पाकिस्तान की एक खाद्य कंपनी का नाम छपा है। इससे स्पष्ट है कि तस्करी में पाकिस्तानी नागरिकों की सक्रिय भूमिका है। वैसे उन्होंने यह नहीं बताया कि ड्रग्स को कहां भेजा जाना था। उन्होंने कहा कि इसकी अभी जांच की जा रही है। वैसे खुफिया जानकारी में ड्रग्स को तमिलनाडु से आने वाली मछली पकड़ने वाली नाव को सौंपने की बात कही गई थी। पकड़ी गई ड्रग्स में 3,110 किलोग्राम चरस-हशीश, 158.3 किलोग्राम क्रिस्टलीयर पाउडर मेथ और 24.6 किलोग्राम हेरोइन शामिल है।

### कार्रवाई को दिया आपरेशन समुद्र मंथन नाम

एनसीबी के महानिदेशक एसएन प्रधान के अनुसार, बरामद ड्रग्स की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में 1,300 करोड़ रुपये से 2,000 करोड़ रुपये तक हो सकती है। वैसे मात्रा के हिसाब से बीच समुद्र में पकड़ी गई यह सबसे बड़ी खेप है। इस आपरेशन का नाम आपरेशन समुद्र मंथन दिया गया था।

### आपरेशन समुद्र गुप्त में भी मिली थी सफलता

आपरेशन समुद्र गुप्त के तहत मई 2023 में एनसीबी और नौसेना ने कोचिन के निकट समुद्र में 2,500 किलोग्राम ड्रग्स को जब्त किया था। एनसीबी के उप महानिदेशक ज्ञानेश्वर सिंह ने कहा कि जांच में मिली जानकारी को विदेशी एजेंसियों से साझा किया जाएगा, ताकि पूरे रैकेट के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

# खनन घोटाले में अखिलेश को समन

- सीबीआइ ने 2019 में दर्ज की थी एफआइआर, बतौर गवाह आज पूछताछ के लिए बुलाया
- खनन घोटाले में अखिलेश यादव नामजद आरोपित नहीं, ईडी भी कर रही है जांच



अखिलेश यादव ● फाइल फोटो

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ :** बहुचर्चित खनन घोटाले में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पर सीबीआइ शिकंजा कसने की तैयारी में है। सीबीआइ, दिल्ली ने हमीरपुर में हुए खनन घोटाले को लेकर 2019 में दर्ज एफआइआर के तहत नोटिस देकर अखिलेश यादव को 29 फरवरी को पूछताछ के लिए बुलाया है। हालांकि इस केस में अखिलेश यादव नामजद आरोपित नहीं हैं। खनन पट्टों के आवंटन की प्रक्रिया में हुए खेल को लेकर अखिलेश यादव से बतौर गवाह सवाल-जवाब हो सकते हैं। सीआरपीसी की धारा-160 के तहत जांच में बतौर गवाह समन जारी किया गया है। खनन घोटाले की जांच ईडी भी कर रही है। वहीं सपा व कांग्रेस ने अखिलेश यादव को नोटिस जारी किए जाने को राजनीतिक कदम बताते हुए जांच एजेंसी के दुरुपयोग का आरोप लगाया है।

सपा शासनकाल में हुए खनन घोटाले में सीबीआइ ने दो जनवरी, 2019 को एफआइआर दर्ज की थी। हमीरपुर में हुए खनन घोटाले को लेकर 2008 बैच की आइएएस अधिकारी बी.चंद्रकला (तत्कालीन डीएम हमीरपुर) व एमएलसी रमेश मिश्रा समेत 11 नामजद आरोपितों व अन्य के विरुद्ध एफआइआर दर्ज कर जांच शुरू की थी।

एनजीटी के प्रतिबंध के बावजूद धड़ल्ले से हुआ था खनन >> पेज 15

# ईएफआर कैंप पर हमले के 23 दोषियों में 13 को उम्रकैद

**24** जवानों की वर्ष 2010 में कर दी गई थी हत्या

**राज्य ब्यूरो, कोलकाता :** 14 साल पहले बंगाल के सिलदा स्थित ईस्टर्न फ्रंटियर राइफल्स (ईएफआर) कैंप पर माओवादी हमले के मामले में मेदिनीपुर के अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायालय ने मंगलवार को 23 लोगों को दोषी करार दिया था। बुधवार को जज सलीम शाही ने 13 माओवादियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 10-10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। बाकी 10 दोषियों को गुरुवार को सजा सुनाई जाएगी।

मालूम हो कि 15 फरवरी 2010 को माओवादियों ने सिलदा हेल्थ सेंटर के पास कैंप पर हमला कर 24 जवानों की हत्या कर दी थी और वहां से कई आधुनिक राइफल, कार्बाइन व अन्य हथियार लूट लिए थे। अदालत में मानवाधिकार संगठन एपीडीआर के सचिव बोर्ड की सदस्य जयश्री पाल मौजूद थीं। उन्होंने कहा कि झूठे गवाहों के बयान पर सजा दी गई है। इस फैसले के खिलाफ हाई कोर्ट में अपील की जाएगी।

### अशोक सर्राफ, राजीव वर्मा, बांबे जयश्री समेत 92 कलाकारों को संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार



**नई दिल्ली :** संगीत नाटक अकादमी ने छह अकादमी फेलो और अभिनेता अशोक सर्राफ, राजीव वर्मा, गायिका बांबे जयश्री सहित 92 कलाकारों को वर्ष 2022 और 2023 के लिए यह प्रतिष्ठित पुरस्कार दिए जाने की घोषणा की। भारत की राष्ट्रीय संगीत, नृत्य और नाटक अकादमी मंचीय कला के क्षेत्र में प्रतिष्ठित कलाकारों को अकादमी फेलो के रूप में चुनती है। विस्तृत>> पेज 14

# महादेव एप मामले में एनसीआर, बंगाल-मुंबई में ईडी के छापे

**देशभर में 17 स्थानों पर की गई कार्रवाई, सट्टेबाजी से कमाए हजार करोड़ शेयर बाजार में निवेश करने की मिली जानकारी**

**मुंबई मिड-डे:** ईडी ने महादेव आनलाइन सट्टेबाजी और गेमिंग एप मामले में जारी मनी लांड्रिंग जांच के तहत बुधवार को मुंबई के तीन ठिकानों समेत देशभर में 17 ठिकानों पर छापेमारी की। मामले से जुड़े कुछ संदिग्धों के खिलाफ सूचना मिलने पर बंगाल, मुंबई और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में छापेमारी जारी हैं।

गत जनवरी में कोलकाता से नितिन तिबरेवाल और राजपुर से अमित अग्रवाल की गिरफ्तारी के एक माह बाद केंद्रीय एजेंसी ने यह कार्रवाई की। मामले में गत नवंबर में भी ईडी ने छापेमारी कर 5.39 करोड़ की नकदी बरामद की थी और बैंक खातों में जमा 15.59 करोड़ रुपये जब्त किए थे। मामले की जांच के दौरान ईडी ने पाया कि सट्टेबाजी के माध्यम से कमाया गया पैसा हवाला के माध्यम से दुबई भेजा गया।

अब तक नौ आरोपित हो चुके हैं गिरफ्तार >> पेज 15




॥ जय दादी की ॥



स्मृतिशेष श्रीमती शान्ति देवी अग्रवाल
(16.03.1934 - 29.02.2020)


चतुर्थ पुण्य तिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि

आपकी पुण्यतिथि पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि देते हैं तथा आपके बताए आदर्शों व मूल्यों के लिए प्रतिबद्ध एवं दृढ़ संकल्पित हैं।

सादर स्मरण में:
शिखर परिवार | स्पर्श इण्डस्ट्रीज़
कानपुर • दिल्ली

********

# emami




## Making Lives Happier


इमामी का सफर 1974 में शुरू हुआ जब बचपन के दो दोस्त, श्री आर.एस. अग्रवाल और श्री आर.एस. गोयनका ने भारत को प्राकृतिक रूप से स्वस्थ और सुन्दर बनाने का सपना देखा। आज, इमामी 70+ देशों में मौजूद है और ₹ 30,000 करोड़ का वार्षिक कारोबार कर रहा है। 25,000 लोगों की उत्साही टीम, इमामी को 100 करोड़ लोगों के जीवन से जोड़ती है। नए युग के कारोबार में निवेश करते हुए, इमामी भारत को तकनीकी रूप से उन्नत और इकोलॉजिकली सस्टेनेबल राष्ट्र बनाने में सदैव जुटा रहेगा।

इस बेमिसाल सफर का हिस्सा बनने के लिए हम आप सब के हार्दिक आभारी हैं।

**EMAMI LIMITED**
भारत की अग्रणी एफएमसीजी कंपनी।
इसके प्रमुख ब्राण्ड में शामिल हैं बोरोप्लस, नवरत्न, फेयर एंड हैंडसम, केश किंग, झंडु और डर्मीकूल।

**EMAMI AGROTECH**
भारत में दूसरा सबसे बड़ा खाद्य तेल का उत्पादक।
प्रमुख ब्राण्ड हेल्दी एंड टेस्टी, बेस्ट चॉइस और मंत्रा मसाला।
पूर्वी भारत में बायो–डीजल का एकमात्र उत्पादक।

**EMAMI FRANK ROSS**
पूर्वी भारत की सबसे बड़ी फार्मेसी चेन।




**EMAMI REALTY**
भारत की अग्रणी रियल एस्टेट कंपनी।
4 करोड़ वर्गफीट से अधिक के प्लानिंग और कंस्ट्रक्शन।
इसके प्रमुख प्रोजेक्ट्स हैं इमामी सिटी, अर्बाना और साउथ सिटी।

**EMAMI PAPER**
देश में न्यूज़प्रिन्ट का सबसे बड़ा उत्पादक।
राइटिंग एंड प्रिंटिंग पेपर और पैकेजिंग बोर्ड का अग्रणी निर्माता।

**EMAMI ART**
70,000 वर्गफीट में फैला भारत का प्रमुख आर्ट एंड कल्चर सेंटर।

**EMAMI STARMARK**
पूर्वी भारत की लीज़र प्रॉडक्ट्स एवं किताबों की सबसे बड़ी रीटेल चेन।

**EMAMI EAST BENGAL FC**
5 करोड़ से अधिक प्रशंसक। 100 साल से भी अधिक पुराना फुटबॉल क्लब।

**EMAMI FOUNDATION**
जन–समुदाय को सशक्त और समाज को समृद्ध बनाने के पथ पर।



Disclaimer : Past and present celebrities associated with Emami.

एडवोटोरियल

# रेल, रोड, रोपवे और एयर कनेक्टिविटी से सशक्त व समृद्ध हो रहा है उत्तराखण्ड



## चारधाम राजमार्गः बेहतर कनेक्टिविटी, बेहतरीन तीर्थयात्रा



"अन्तिम पंक्ति के लोगों तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचे इसके लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा 2025 तक उत्तराखण्ड को हर क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनाने का लक्ष्य दिया गया है। इसके लिए राज्य सरकार द्वारा हर संभव प्रयास किए जाएंगे। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत शक्तिशाली, गौरवशाली बनते हुए विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है। उत्तराखण्ड में चारधाम सड़क परियोजना, ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल लाइन, केदारनाथ पुनर्निर्माण समेत कई ऐतिहासिक काम प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन में चल रहे हैं।"

**पुष्कर सिंह धामी**, मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड


> चारधाम ऑल वेदर रोड परियोजना पीएम नरेन्द्र मोदी की ड्रीम प्रोजेक्ट्स में से एक है, जो देवभूमि उत्तराखण्ड के चारधाम यानी यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ और बद्रीनाथ धाम तक हर मौसम पहुंच सुनिश्चित करती है।



## पर्वतों की गोद में प्रगति और समृद्धि का रास्ता
## ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल लाइन

ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल लाइन परियोजना उत्तराखण्ड के विकास में नई जीवनरेखा की तरह साथ निभाएगी, क्योंकि यह इस क्षेत्र के भीतर से गुजरने वाली पहली नई रेल लाइन है।





"मैं पिछले कुछ वर्षों में हुई उल्लेखनीय प्रगति के लिए उत्तराखण्ड सरकार को बधाई देता हूँ। यह निरंतर नीतिगत प्रोत्साहन और पर्यटन व नवीकरणीय ऊर्जा जैसे प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करने से संभव हुआ है। मुझे खुशी है कि राज्य ने बुनियादी ढांचे के विकास में महत्वपूर्ण प्रगति की है और सतत विकास के लिए नए मानक स्थापित किए हैं। अपने प्राकृतिक संसाधनों के दोहन और पर्यटन को बढ़ावा देने की उत्तराखण्ड की प्रतिबद्धता ने न केवल अर्थव्यवस्था को मजबूत किया है, बल्कि वैश्विक मंच पर इसकी क्षमता को भी प्रदर्शित किया है। मैं समावेशी विकास के प्रति राज्य के समर्पण की सराहना करता हूँ और आने वाले वर्षों में इसकी निरंतर सफलता की आशा करता हूँ।"

**नरेन्द्र मोदी**, प्रधानमंत्री



## एयर कनेक्टिविटी से उत्तराखण्ड की तेज उड़ान



- उत्तराखण्ड भारत का पहला राज्य, जहां उड़ान योजना में हेली सर्विस शुरू।
- जॉलीग्रांट एयरपोर्ट अंतरराष्ट्रीय स्तर के रूप में विकसित।
- जॉलीग्रांट एयरपोर्ट पर नवनिर्मित टर्मिनल भवन फेज-2 का लोकार्पण।
- ऊधम सिंह नगर में ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट विकसित करने की योजना।
- उत्तराखण्ड नागरिक उड्डयन विभाग, रीजनल कनेक्टिविटी स्कीम के सफल संचालन के लिए वर्ष 2020 में मोस्ट प्रो-एक्टिव स्टेट से सम्मानित।
- उत्तराखण्ड में 2014 में मात्र एक हेलीपोर्ट था, जो अब 10 हो चुके हैं।
- उड़ान 5.0 योजना तक राज्य में 21 हेलीपोर्ट बनाने का लक्ष्य।
- देहरादून एयरपोर्ट से देश के 13 शहरों के लिए हवाई सेवाएं संचालित।

## हल्द्वानी से मुनस्यारी, पिथौरागढ़ व चम्पावत के लिए हेली सेवा का शुभारंभ



## स्वच्छ परिवहन से सशक्त उत्तराखण्ड

### रोपवे परियोजनाएं

### ई-मोबिलिटी पहल

### उत्तराखण्ड विमानन नीति




पर्वतीय भू-भाग द्वारा पैदा होने वाली भौगोलिक चुनौतियों से निपटने के लिए उत्तराखण्ड रोपवे परियोजनाओं में निरंतर निवेश करने वाला प्रदेश है।

### स्मार्ट परिवहन सेवाएं

## दिल्ली से देहरादून की यात्रा 2.5 घंटे में तय

210 किमी लंबा, 6 से 12 लेन की विस्तार क्षमता और आधुनिक पहुंच-नियंत्रित बुनियादी ढांचे जैसी कई विशेषताओं से सुसज्जित दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे।



### परियोजना की विशेषताएं

- अनुमानित लागतः ₹ 13,000 करोड़
- परियोजना की कुल लंबाईः 210 किमी
- लेनः 12 लेन (चरण 1) और 6 लेन (चरण 2, 3 और 4)
- समापन की समय सीमाः दिसंबर 2024
- स्वामीः भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई)
- प्रोजेक्ट मॉडलः ईपीसी (इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण)
- दूरी 235 किमी से घटकर 210 किमी करना

